दसवीं में दिल्ली का पास प्रतिशत सुधरा

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के दसवीं के रिजल्ट में पिछले साल के मुकाबले सुधार आया है। पिछले साल दिल्ली के 78.62 प्रतिशत छात्र पास हुए थे लेकिन इस बार 80.97 बच्चों ने दसवीं पास की है। हालांकि पहले स्थान पर आए 13 छात्रों में एक भी दिल्ली से नहीं है। दूसरे स्थान पर आए 25 बच्चों में राजधानी का एक बच्चा शामिल है। रिजन के मामले में दिल्ली पिछड़ गया है और सीबीएसई के टॉप दस रिजन में नौवें नंबर पर है।

इस साल दिल्ली रिजन से कुल 2,60,789 छात्र दसवीं की परीक्षा में बैठे थे। एमिटी इंटरनेशनल स्कूल पुष्प विहार की छात्रा शिविका दुदानी के 500 में से 498 नंबर आए हैं। दुदानी दूसरी रैंक हासिल करने वाले 25 बच्चों में दिल्ली से इकलौती छात्रा है। दिल्ली की अर्नव सिंह, मल्लिका अजमानी, नेहा जैन, कल्पना कुमारी, सेजल सक्सेना और खुशी रावत तीसरा स्थान पाने वाले 59 छात्रों में शामिल हैं।

Dainik Jagran, page 5, May 7, 2019 edition